# नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

| दिनांक (Dated): 08/03/2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 2 | क्रम सं०(Serial No.) 6 |
|---|---|---|

# जेवर एयरपोर्ट जल्द CISF के पासः शाह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



अमित शाह ने CISF साइक्लोथॉन को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाई।

CISF का शुक्रवार को 56वां स्थापना दिवस तमिलनाडु के तक्कोलम में मनाया गया, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चीफ गेस्ट के रूप में शामिल हुए। उन्होंने CISF साइक्लोथॉन 2025 को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाई। यह साइकिल रैली समुद्र तट के हर गांव को कवर करते हुए 31 मार्च को कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और CISF के डीजी राजविंदर सिंह भट्टी भी मौजूद थे।

शाह ने कहा कि बंदरगाहों की सुरक्षा में भी CISF की जिम्मेदारी बढ़ने वाली है। CISF ने ड्रोन रोधी क्षमताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया है। शाह ने कहा कि UP का जेवर और महाराष्ट्र का नवी मुंबई एयरपोर्ट जल्द ही CISF की सुरक्षा में शामिल होंगे। शाह ने कहा कि CISF में पिछले साल 14 हजार से अधिक पदों पर भर्ती पूरी की गई है।